आकाशवाणी शिमला

02.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार जोरों पर है और दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी प्रत्याशियों के लिए जमकर प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर ज़िले के भोरंज में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्‌वान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है, इसलिए उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. वर्ग का आरक्षण छीनकर कर मुस्लमानों को दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से इन वर्गों के आरक्षण की पक्षधर रही है और सिर्फ तुष्टिकरण के लिए किसी विशेष धर्म को आरक्षण देने के सख्त खिलाफ है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने बिना किसी जाति व धर्म के विकास किया और इस विकास का लाभ सबसे ज्यादा मुस्लमान वर्ग को मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये देश किसी फतवे या फरमान से नहीं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर के संविधान से चलेगा।

सुखविंद्र सुक्खू

कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में वित्तीय घाटे के बावजूद समाज के हर वर्ग को लाभ पहुँचाने का कार्य किया है। वे आज चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनता से मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में मतदान की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा की विपक्ष को सरकार की कारगुजारी रास नहीं आ रही और खरीद फरोख्त की राजनीति को अंजाम दिया जा रहा है जो हिमाचल के राजनितिक इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोसभा की चारों सीटें और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर से कांग्रेस पार्टी का पुराना रिश्ता है और लोकसभा पहुंचने के पश्चात होली–उतराला सुरंग का निर्माण करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिय सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा सरकार और मोदी सरकार की योजनाओं से कोई अछूता नहीं है और हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। शिमला जिला के रोहड़ू में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देशवासी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक हैं और ये भरोसा उनकी उपलब्धियों का परिणाम है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय कांग्रेस में कोई भी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है, क्योंकि उन्हें अपनी करारी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिए और हिमकेयर व सहारा योजनाओं का पैसा रोककर लोगों को परेशान करने का काम किया है। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में समर्थन का आग्रह करते हुए कहा कि रोहड़ूवासी जिस नेता के नाम पर कांग्रेस के साथ खड़े

रहे, उस नेता के प्रति अब कांग्रेस में भाव नहीं है। इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

परमार पुण्य तिथि

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की 44वीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें याद किया गया। इस उपलक्ष्य पर शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में डॉक्टर परमार के कार्यों व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हिमाचल निर्माता डॉक्टर परमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हिमाचल के गठन व प्रदेश को विकास की राह में आगे ले जाने में उनका अतुलनीय योगदान रहा है, जिसे प्रदेशवासी हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों व मार्गों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश के सभी ज़िला मुख्यालयों सहित कई स्थानों पर डॉक्टर वाई.एस.परमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा की नीतियों व निर्णयों से देश में महंगाई और बेरोज़गारी के साथ अमीर व गरीब के बीच की खाई बढ़ी है। शिमला ज़िला के रामपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि आज देश में 80 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। प्रतिभा सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ चुनाव प्रचार में डटने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए जन समर्थन की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने को कहा।

....